श्री चन्द्र सिंह गढ़वाली और टिहरी के अमर शहीद श्री देव सुमन के सम्मान में स्मारक डाक टिकटों का जारी किया जाना

2569. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय :** क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को श्री चन्द्र सिंह गढ़वाली और टिहरी के अमर शहीद श्री देव सुमन के सम्मान और स्मृति में स्मारक डाक टिकटें जारी किए जाने के लिए कोई अभ्यावेदन प्राप्त हुआ है; और

(ख) यदि हां, तो उस पर क्या कार्यवाही की गई है तथा स्मारक डाक टिकटें कब तक जारी कर दिये जाने की सम्भावना है ?

संचार मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री जनेश्वर मिश्र) : (क) जी हां। श्री चन्द्र सिंह गढ़वाली और टिहरी के अमर शहीद श्री देव सुमन की स्मृति में स्मारक डाक टिकटें जारी करने के लिए प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं।

(ख) दोनों प्रस्ताव विभाग में गठित फ़िलेटली सलाहकार समिति जो स्मारक/विशेष डाक टिकट जारी करने व अन्य सम्बद्ध मामलों में सलाह देने के लिए विभाग में काम करती है, के समक्ष विचारार्थ रखे गए। श्री चन्द्र सिंह गढ़वाली पर टिकट जारी करने का प्रस्ताव 4.7.85, 22.12.88 और 6.8.90 को हुई समिति की बैठक में समिति के समक्ष विचारार्थ रखा गया, जबकि श्री देव सुमन पर टिकट जारी करने का प्रस्ताव 12.11.84, 22.5.87 और 22.12.88 को हुई समिति की बैठकों में विचारार्थ रखा गया। यह प्रस्ताव टिकट जारी करने के संबंध में समिति की सिफ़ारिशों में शामिल नहीं किया जा सका। फ़िलहाल इन पर कोई स्मारक डाक टिकट जारी करने का प्रस्ताव नहीं है ।

वाराणसी–रायनगर–मुगलसराय सड़क

2570. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय :** क्या **जल-भूतल परिवहन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वाराणसी-रायनगर-मुगलसराय को जोड़ने के लिए 49.92 करोड़ रुपये की लागत से 30 किलोमीटर लम्बी सड़क के साथ-साथ गंगा नदी पर एक पुल के निर्माण के संबंध में क्या कार्यवाही की गई है; और

(ख) इस परियोजना पर कब से कार्य प्रारंभ कर दिये जाने की संभावना है ?

जल-भूतल परिवहन मंत्री (श्री के० पी० उन्नीकृष्णन) : (क) और (ख) गंगा नदी पर एक पुल के साथ-साथ वाराणसी रायनगर-मुगलसराय बाई पास के निर्माण की 4991.93 लाख रु० की स्वीकृत परियोजना का कार्य, पहले ही सड़क के संबंध में 1.11.87 को और खास पुल के संबन्ध में 31.12.88 को शुरु किया जा चका है।

Nepalese Premier's Visit to India

2571. SHRI JAGDISH JANI: Will the Minister of EXTERNAL AFFAIRS be please^ to state:

(a) whether Prime Minister of Nepal Shri Bhattarai visited India in the second week of June, 1990 to have discussions with the Government of India;

(b) if so, the details of the discussions held; and

(c) the outcome thereof?

THE MINISTER OF EXTERNAL AFFAIRS (SHRI I. K GUJRAL): (a) Yes, Sir.

(b) and (c) A wide range of issues of mutual interest were discussed during the visit of Prime Minister of Nepal. On June 10, 1990, Prime Min-